भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1525
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 01 जुलाई, 2019
10 आषाढ़, 1941 (शक)

फतेहपुर सीकरी में स्मारकों का संरक्षण

1525. श्री राज कुमार चाहर:

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (ए.एस.आई.) ने फतेहपुर सीकरी (उ.प्र.) स्थित सभी स्मारकों के संरक्षण और परिरक्षण के लिए क्षेत्रों को चिन्हित और चयनित किया है;

(ख) उन स्मारकों पर चल रहे परिरक्षण कार्यों की स्थिति क्या है; और

(ग) ए.एस.आई. द्वारा फतेहपुर सीकरी में बुलंद दरवाजा और ऐतिहासिक महत्व के अन्य ढांचों से मधुमक्खी के छत्तों को हटाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) : भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ए.एस.आई) के फतेहपुर सीकरी में 9 संरक्षित स्मारक हैं। इन स्मारकों का संरक्षण और परिरक्षण कार्य प्रत्येक स्मारक के प्रतिषिद्ध क्षेत्र के भीतर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किया जाता है। यह प्रतिषिद्ध क्षेत्र पूरी तरह से सीमांकित होता है।

(ख) : संरक्षित स्मारकों का संरक्षण कार्य एक सतत् प्रक्रिया है। इन स्मारकों के संरक्षण और परिरक्षण का कार्य संसाधनों की उपलब्धता तथा विभिन्न स्मारकों की आवश्यकता के अनुसार लगातार किया जाता है, और वे भली भांति परिरक्षित हैं।

(ग) : स्मारकों को प्रदर्शनीय स्थिति में रखने के लिए फतेहपुर सीकरी स्थिति बुलंद दरवाजा और अन्य स्मारकों से मधुमक्खी के छत्तों को हटाने का कार्य उपयुक्त विधि अनुसार नियमित रूप से किया जाता है।